ब्रह्मोस मिसाइल के निर्माण से देश मजबूत होगाः राजनाथ

शिलान्यास

लखनऊ | मुख्य संवाददाता

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को अमौसी के पास सरोजनीनगर कानपुर रोड पर ब्रह्मोस मिसाइल इकाई और डीआरडीओ लैब का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में आयोजित समारोह में रक्षामंत्री ने केन्द्र और राज्य सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि भारत अब हथियारों का आयातक नहीं, निर्यातक देश बनेगा।

रूस के सहयोग से बनने वाली ब्रह्मोस मिसाइल का निर्माण भटगांव यूनिट में होगा, जबकि एयरपोर्ट के पास 22 एकड़ में डीआरडीओ लैब और ब्रह्मोस मिसाइल टेस्टिंग सेंटर बनेगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सीएम योगी बिना देरी किए तैयार हो गए। 200 एकड़ जमीन उपलब्ध करवाई। ▶ **जरूरत पड़ी तो फिर स्ट्राइक** पेज 07

लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल इकाई के शिलान्यास कार्यक्रम में राजनाथ सिंह की मौजूदगी में निशाना साधते सीएम योगी।

10 हजार लोगों को इस परियोजना से मिल सकता है रोजगार

22 एकड़ में ब्रह्मोस इकाई और लैब की स्थापना होगी

अब लखनऊ दहाड़ेगा भीः योगी

लखनऊ। शिलान्यास कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत दुनिया में मैत्रीपूर्ण और करुणा का संदेश देने वाला देश है। इसका मतलब यह नहीं कि हम देश की सुरक्षा पर आंच आने देने की छूट देंगे। यह नया भारत है, जो किसी को छेड़ता नहीं है मगर कोई छेड़ता है तो उसे छोड़ता भी नहीं है।

सीएम योगी ने कहा कि आज का यह कार्यक्रम हमारे छह डिफेंस कॉरिडोर के लखनऊ नोड के अन्तर्गत हो रहा है। अब मुस्कराइए आप लखनऊ में हैं के साथ अब लखनऊ दहाड़ भी मारेगा, क्योंकि ब्रह्मोस मिसाइल यहां से बनेगी। पहले जिस डिफेंस कॉरिडोर की घोषणा हुई थी,उस दिशा में हमारे प्रदेश के सभी छह नोड में कार्य शुरू हो गए हैं। 19 नवम्बर को ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झांसी में भारत डायनामिक्स यूनिट का शिलान्यास किया था।